# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 08 मई 2025








Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine



GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. वर्ष 2025-26 के लिए राजस्थान विधानसभा की राजकीय उपक्रम समिति में किसको सभापति मनोनीत किया गया है ?**

(A) टीकाराम जूली

**(B) कालीचरण सर्राफ**

(C) अर्जुन लाल जीनगर

(D) इनमें से कोई नही

♦ *हाल ही में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजस्थान विधानसभा की वर्ष 2025-26 के लिए 16 समितियों का गठन किया है।*

♦ *जनलेखा समिति में टीकाराम जूली, प्राक्कलन समिति 'क' में अर्जुन लाल जीनगर, प्राक्कलन समिति 'ख' में बाबू सिंह राठौड और राजकीय उपक्रम समिति में कालीचरण सर्राफ को सभापति सदस्य मनोनीत किया है।*

01. राजस्थान में श्रीअन्न (मिलेट्स) के उत्पादों को प्रोत्साहन हेतु कितने जिलों में सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार स्थापित होंगे?

(A) 5

(B) 4

(C) 8

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦राज्य सरकार ने बजट वर्ष 2025-26 के तहत श्रीअन्न (मिलेट्स) के उत्पादों को प्रोत्साहन और आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 8 नए जिलों में सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार स्थापित करने का निर्णय लिया है।

♦यह पहल राज्य के हर जिले में मिलेट्स आउटलेट्स खोलने की योजना का हिस्सा है, जिसे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वस्थ खानपान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लागू किया जा रहा है।

♦इन जिलों में बालोतरा, ब्यावर, डीग, डीडवाना-कुचामन, खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड, फलौदी, और सलूम्बर शामिल हैं।

**02. हाल ही में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम (यूथ) स्पर्धा में राजस्थान ने कौनसा पदक जीता है?**

(A) स्वर्ण पदक

(B) कांस्य पदक

(C) रजत पदक

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦05 मई को नयी दिल्ली  में डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में सोमवार को आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम (यूथ) स्पर्धा में राजस्थान की टीम ने रोमांचक मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता।

♦राजस्थान के खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश को हराया

♦खेलो इंडिया यूथ गेम्स  4 मई से 15 मई तक आयोजित हो रहे हैं

♦खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025, जो कि भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना का सातवां संस्करण है। यह बिहार और नई दिल्ली के कई शहरों में आयोजित हो रहा है।

**03.हाल ही में मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के अंतर्गत जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग ने किसके साथ MOU किया है?**

(a) स्प्रिंग बोर्ड

(b) उत्कर्ष क्लासेज

(c) फिजिक्स वाला

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान सरकार की मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत अब आदिवासी क्षेत्र की 100 मेधावी आदिवा!सी बालिकाओं को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की निशुल्क कोचिंग दी जाएगी।

♦शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक समावेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा यह योजना चलाई जा रही है।

♦ इस योजना को प्रभावी बनाने के लिए जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग ने देश की प्रतिष्ठित कोचिंग संस्था "फिजिक्स वाला" के साथ दो साल का अनुबंध किया है।

♦जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी के निर्देशन में यह अनुबंध किया गया।

04.हाल ही में 7 मई को केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार राजस्थान के कितने शहरों में युद्ध के दौरान होने वाले हमले से बचने के लिए मॉक ड्रिक की गई?

(a) 15

(b) 28

(c) 09

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦7 मई को केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार राजस्थान के 28 शहरों में युद्ध के दौरान होने वाले हमले से बचने के लिए मॉक ड्रिक की गई

♦गृह मंत्रालय ने देशभर में 7 मई को चिह्नित 244 'नागरिक सुरक्षा जिलों' में सुरक्षा मॉक ड्रिल किया

♦तत्काल ब्लैकआउट का अभ्यास व हवाई हमले की चेतावनी सायरनों का संचालन किया गया।

♦साल 1971 के बाद पहली बार गृह मंत्रालय के निर्देश पर देश मॉक ड्रिल हुई

**05. राजस्थान में किस संस्थान ने ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (BCI) तकनीक तैयार की है?**

**(a) आईआईटी जोधपुर**

(b) SMS जयपुर

(c) आईआईटी कोटा

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➡आईआईटी जोधपुर के वैज्ञानिकों ने एक ऐसी तकनीक तैयार की है जो दिमाग की गतिविधियों को पढ़कर यह बता सकती है कि कोई व्यक्ति क्या सोच रहा है और कैसा अहसास कर रहा है।

♦हालांकि अभी यह तकनीक प्रयोगशाला में परीक्षण के स्तर पर है पर रिसर्च टीम अभी ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (BCI) तकनीक पर काम कर रही है

♦यह तकनीक ईईजी मशीन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) को मिलाकर बनाई गई है। इससे डॉक्टर यह समझ पाएंगे कि मरीज को किस तरह की दवाएं या इलाज की जरूरत है।

06. राजस्थान में किस जिले में इंटीग्रेटेट पेट्रो कैमिकल्स कॉम्पलेक्स बनाया जा रहा है?

(a) बालोतरा

(b) जयपुर

(c) बीकानेर

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦राजस्थान में बालोतरा में आगामी तीन-चार माह में पचपदरा में बन रही पेट्रोकैमिकल रिफाइनरी तैयार हो जाएगी और क्रूड ऑयल से पेट्रोल एवं डीजल उत्पादन शुरू हो जाएगा।

♦75 हजार करोड़ रुपए में तैयार होने वाली इस रिफाइनरी से रोजाना सरकारी खजाने में 150 करोड़ रुपए की कमाई होने का अनुमान है।

♦रिफाइनरी के साथ इंटीग्रेटेट पेट्रो कैमिकल्स कॉम्पलेक्स भी बनाया जा रहा है।

07. राजस्थान में मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत किस आयु वर्ग के लोगों को शामिल किया गया है?

(a) 41 से 45 साल

(b) 21 से 25 साल

(c) 30 से 40 साल

(d) इनमें से कोई

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

**Important Facts:**

➥केंद्र सरकार की पीएम श्रमयोगी मानधन योजना की तर्ज पर विश्वकर्मा पेंशन योजना को राजस्थान में शुरू किया गया है। जिसके तहत 41 से 45 साल तक के लोगों को शामिल किया गया है।

♦इनमें स्ट्रीट वेंडर,लोक कलाकार और असंगठित श्रमिक होंगे। 60 साल की उम्र पूरी होने पर इन्हें हर महीने 3 हजार रुपए पेंशन मिलेगी।

♦इन लोगों में जिसकी उम्र 41 से 45 साल के बीच है वह हर महीने 100 रुपए की छोटी सी राशि जमा करवाकर 60 साल के बाद महीने की 3 हजार रुपए पेंशन ले पाएगा।

♦आवेदन करने के लिए उसे केंद्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर जाकर रजिस्ट्रेशन करवाना होगा।

08.राजस्थान में कितने किसानों को प्रशिक्षण हेतु इजरायल भेजा जाएगा?

(A) 500

(B) 100

(C) 200

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦राजस्थान में किसान उत्पादक संगठनों (FPO) के 100 सदस्यों को इजरायल जैसे देशों में और 5,000 किसानों को राज्य के बाहर प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा

♦राजस्थान सरकार ने किसानों को इस्राइल भेजने की घोषणा वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में की थी।

♦ इसके तहत प्रदेश के 10 जिलो से अलग-अलग श्रेणियों में 100 प्रगतिशील किसानों का चयन किया जाएगा।

09. विश्व एथलेटिक्स दिवस हर साल कब मनाया जाता है?

(a) 5 मई

(b) 4 मई

(c) 3 मई

(d) 7 मई

**Important Facts:**

विश्व एथलेटिक्स दिवस हर साल 7 मई को मनाया जाता है ताकि लोगों, खास तौर पर युवाओं को खेलों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

♦17 जुलाई, 1912 को स्वीडन के स्टॉकहोम में इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन (IAAF) की स्थापना की गई थी।

♦2019 से इस संगठन का नाम विश्व एथलेटिक्स है।

♦पहला विश्व एथलेटिक्स दिवस 15 मई, 1996 को मनाया गया था।

**10. हाल ही में खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 में कौनसा राज्य द्वितीय स्थान पर रहा है?**

(a) गुजरात

(b) हिमाचल प्रदेश

(c) छत्तीसगढ़

(d) झारखंड

**Important Facts:**

## ➥ खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025: सेना तालिका में शीर्ष पर

♦भारत सरकार की खेलो इंडिया पहल के तहत प्रमुख आयोजन का पाँचवाँ संस्करण, खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025, 23 जनवरी को लेह, लद्दाख में शुरू हुआ।

♦सेना ने सात स्वर्ण, पाँच रजत और छह कांस्य के साथ KIWG 2025 पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।

♦हिमाचल प्रदेश छह स्वर्ण, पाँच रजत और सात कांस्य के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

**Today, Quiz:**

**Q.राजस्थान की हर्षिता जाखड़ ने बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में साइक्लिंग में कौनसा पदक जीता है?**

(A) स्वर्ण पदक

(B) कांस्य पदक

(C) रजत पदक

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine